कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.04.2024

विषय:- **थाना मण्डुवाडीह क्षेत्रान्तर्गत जलालीपट्टी में युवक की गोली मारकर की गयी हत्या से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित 10000/- रू0 का इनामिया अभियुक्त बलवन्त पटेल थाना मंडुवाडीह पुलिस द्वारा गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/हत्या की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0 0039/2024 धारा 147/148/149/302 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित 10000/- रू0 का इनामिया अभियुक्त बलवन्त पटेल पुत्र स्व0 मिठ्ठू पटेल निवासी भुल्लनपुर थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी को आज दिनांक-15.04.2024 को समय करीब 11.25 बजे एफसीआई तिराहे के पास थाना मंडुवाडीह से गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण- दिनांक-22.03.24 को वादी मुकदमा श्री राकेश यादव पुत्र स्व0 राम आशीष यादव निवासी ग्राम नाथूपुर डगरा थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि वादी के भाई सोनू यादव पुत्र स्व0 राम आशीष यादव निवासी नाथूपुर डगरा थाना मण्डुवाडीह वाराणसी उम्र 27 वर्ष दिनांक 21.03.2024 को राजा तालाब से घर नाथूपुर आ रहे थे कि समय रात्रि 10.30 बजे जलालीपट्टी ग्राम में छविकान्त प्रधान के घर के सामने गली में जैसे पहुंचे कि अभियुक्तगण बलवन्त पटेल, रवि उर्फ वीरु पटेल, सुनील पटेल उर्फ बाबू, अभिषेक उर्फ कल्लू , आनन्द पटेल उर्फ गोलू व अन्य दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा एक राय होकर घेरकर सिर व छाती पर दाहिने तरफ नीचे गोली मार दिया गया दौराने ईलाज ट्रामा सेन्टर बीएचयू में उसकी मृत्यु हो गयी, जिसके आधार पर थाना मण्डुवाडीह पर मु0अ0स0-39/24 धारा 147/148/149/302 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह वाराणसी द्वारा संपादित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि अभियोग उपरोक्त मे दिनांक 23.03.2024 को 03 अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व अवैध पिस्टल की बरामदगी के फलस्वरूप धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी थी।

विवरण पूछताछ – अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मैं छोटी-मोटी चना मसाला, अण्डा की दुकान नाथूपुर क्रासिंग के पास करता हूँ। नाथूपुर डगरा के रहने वाले सोनू यादव से हम लोगों की पुरानी रंजीश चल रही थी जो आए दिन गाली गलौज लड़ाई झगड़ा करके परेशान करता था। घटना वाले दिन भी सोनू यादव मेरे दुकान पर आकर गाली गलौज देते हुए मुझे लात घूसों से बुरी तरह से मारा पीटा था जिस पर मैंने अपने लड़को को फोन से बताया कि सोनू यादव ने मुझ पटक-पटक कर बुरी तरह से मारा है तथा लग रहा है कि जान से मार डालेगा, तुम लोग जल्दी आ जाओ। उस समय रात का करीब 10.00 बजे मेरे लड़के रवि उर्फ वीरू पटेल, सुनील उर्फ बाबू पटेल अपने पास रखी अवैध पिस्टल व गोली लेकर आनन्द पटेल उर्फ गोलू एवं मेरे चचेरे भाई का लड़का अभिषेक पटेल उर्फ कल्लू तथा उन लोगों का दोस्तअजीत कुमार पटेल तथा मैंने सोनू यादव को खत्म करने के लिए एक राय होकर

ढूढ़ने लगे कि आज रोज-रोज का झगड़ा ही खत्म कर देंगे। इस योजना के साथ हम लोग अंधेरे में चौरा माता मंदिर की तरफ जाने वाली पक्की सड़क के पास छिपकर घात लगाकर बैठ गए। इतने में ही सोनू यादव आते हुए दिखायी दिया जिसे छविकान्त प्रधान के घर के पास गली में पकड़ लिया पूछने पर गाली-गलौज करते हुए उलझने लगा तथा कहा कि मैंने मारा है क्या बिगाड़ लोगे। गुस्से में मेरे लड़के रवि उर्फ वीरू पटेल व सुनील उर्फ बाबू पटेल अपने पास रखी अवैध पिस्टल से गोली मार दिये जिससे सोनू यादव मौके पर ही गिर गया। सोनू यादव के गिर जाने के बाद हम सभी लोग मौके से इधर-उधर भाग गए थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

बलवन्त पटेल पुत्र स्व0 मिठ्ठू पटेल निवासी भुल्लनपुर थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी उम्र करीब 55 वर्ष।

इनाम की राशि- 10000/- रू0 ।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- एफसीआई तिराहे के पास थाना मंडुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी, दिनांक 15.04.2024 समय करीब 11.25 बजे।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 सुनील कुमार राय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 अमित कुमार तिवारी थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अवनीश कुमार यादव थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0चा0 सचिन्द्र गौड़ थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।